ब्रज की नगरी स्वर्ग से प्यारी

बोल रहे तेरी जय जयकार,
बोल रहे राधे राधे श्याम,
ब्रज की नगरी स्वर्ग से प्यारी, आते भक्त हजार,
बोल रहे तेरी जय जयकार.....

तेरे दर पे जो भी आते,
ब्रज की रज माथे पे लगाते,
उनकी किस्मत ऐसे चमके,
जैसे फूलों में महक अपार,
बोल रहे तेरी जय जयकार.....

तुझे देख सब मन हर्षाते,
दिल में भारी खुशी मनाते,
अंतर्यामी जगत के स्वामी,
करते सबसे प्यार,
बोल रहे तेरी जय जयकार.....

तेरी कृपा जिस पर हो जाए,
जीवन के वो सब सुख पाए,
चांद सितारों से भी न्यारी,
कर लो सब दीदार,
बोल रहे तेरी जय जयकार.....

नारायण हरि कष्ट हरेंगे,
सबकी खाली झोली भरेंगे,
पूजे दिल से दुनिया सारी,
झूम रहा संसार,
बोल रहे तेरी जय जयकार.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25222/title/braj-ki-nagri-swarg-se-pyari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |